संख्या-15/2020/163/क.नि.प्र./26-3-2020-19(2)/2019

प्रेषक,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तर प्रदेश शासन।

कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ लखनऊ: दिनांक: 25 फरवरी,2020
समाज कल्याण विभाग

विषय : वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत सुविधाओं का विकास योजना हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय समाज कल्याण के पत्रांक-1466/ स.क./ विकास/महराजगंज/(78)/2019-20 दिनांक 11 नवम्बर, 2019 के संदर्भ में अनुदान संख्या-83 से अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत सुविधाओं का विकास योजना के अन्तर्गत जनपद महराजगंज के विकास खण्ड-नौतनवा के ग्राम बभनी में पिच रोड,पुलिया, इण्टर लाकिंग, नाली एवं सोलर लाइट के कार्य हेतु कुल लागत रू. 477.68 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-08/2019175/क.नि.प्र./26-3-2019-दिनांक 06 फरवरी,2019 एवं शासनादेश संख्या-44/2019/1053/क.नि.प्र./26-3-2019-दिनांक 29 नवम्बर, 2019 द्वारा कुल रू0 200.00 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी थी अब अवशेष कार्यो को पूर्ण कराये जाने हेतु रू0 66.00 लाख (रू. छियासठ लाख मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त स्वीकृति के सापेक्ष पूर्ण कराये जाने वाले अवशेष कार्यो हेतु स्वीकृत आंगणन मं इंगित/अनुमोदित दरों के आधार पर कार्यदायी संस्था यू.पी.प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. लखनऊ से कराया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया हैकता नही है ।की आवश्य क्षरइस पर हस्ता :अत ,

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2. निदेशक,समाज कल्याण द्वारा कार्यदायी संस्था यू.पी.प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. लखनऊ से शीघ्र एम.ओ.यू. अनुबन्ध कराकर धनराशि आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त कार्य मद में अधिष्ठान व्यय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार ही लिया जायेगा। कार्यदायी संस्था को धनराशि प्राप्त होने के तुरन्त बाद शीघ्र अवशेष कार्यो को पूरा किया जायेगा। प्रयोजना के निर्माण के बिना समुचित कारण के यदि अनावश्यक रूप से विलम्ब होने से लागत में वृद्धि होती है तो इसके लिए निर्माण इकाई उत्तरदायी होगी।
3. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों पर किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। इससे इतर व्यय/उपयोग वित्तीय अनियमितता होगी, जिसके लिए संबंधित जिले के जिलाधिकारी/संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होगें।
4. प्रश्नगत स्वीकृत परियोजनाओं की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन एवं तकनीकी स्वीकृति के संबंध में सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरोन्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।
5. संबंधित जिलाधिकारीसंबंधित अधिकारी द्वारा उक्त कार्य के संबंध / कार्यक्रम /में यह पुष्टि की जायेगी कि यह कार्य पूर्व में अन्य योजना र्गत नके अन्त तो स्वीकृत है और न ही पूर्व में किया गया है तथा वर्तमान में किसी अन्य योजना कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना/ प्रस्तावित नहीं है।
6. स्वीकृत की जा रही परियोजना की लागत में सम्मिलित 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि को नियमानुसार श्रम विभाग में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
7. स्वीकृत की जा रही धनराशि व्यय की सूचना नियमानुसार महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करायी जायेगी। शासन को भेजे जाने वाले उपयोगिता प्रमाण पत्र, कार्य की प्रगति/पूर्ण होने के फोटोग्राफ्स इत्यादि के साथ योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यो के सदुपयोग प्रमाण-पत्र देना सुनिश्चत किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया हैकता नही है ।की आवश्य क्षरइस पर हस्ता :अत ,

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 की अनुदान संख्या-083-समाज कल्याण विभाग(अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना) के अधीन लेखाशीर्षक- 4225-अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछडे वर्गो का कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएं-0106-अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत सुविधाओं का विकास (के.100/रा.0-के.)-24-वृहद निर्माण कार्य "के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 दिनांक 22 मार्च,2019 में निहित व्यवस्था के अधीन जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

<u>पृ. संख्या-15 /2020/163/(1)/क.नि.प्र./26-3-2020 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी, महाराजगंज।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/ कोषाधिकारी महाराजगंज।
4- वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
5- जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), महाराजगंज।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि., लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ।
8- परियोजना प्रबन्धक, उ.प्र. प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि., यूनिट-29, जनपद गोरखपुर।
9- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

डा0 रमेश चन्द्र तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया हैकता नही है ।की आवश्य क्षरइस पर हस्ता :अत ,
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।